मुख्यमंत्री " ये वक्त की पुकार है" पुस्तक का विमोचन करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### आपस में लड़ने से फुरसत नहीं जनता की क्या सोचेंगे

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद ने कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी कलह पर अपनी प्रतिक्रिया रखते हुए कहा कि जिस तरह से यह मामला सामने आया है कि कांग्रेस भवन में दो गुटों के कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई हुई है तो आम आदमी पार्टी का स्पष्ट कहना है कि कांग्रेसियों की जो आंतरकलह है और इस प्रकार की जो घटनाएं है सिरफुट्टवल मारपीट की जो यह देखने आया है कि कांग्रेस पार्टी के प्रति कार्य करने वाले कार्यकर्ता नहीं है गुटों में काम करने वाले कार्यकर्ता है। रविंद्र आनंद ने कहा कि यह न केवल कांग्रेस का हाल है भाजपा के नेता इसी तरह से आपस में लड़ने भिड़ने का काम करते है।

### सिर फुट्टवल और गुटबाजी, यही है कांग्रेस में लोकतंत्र

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस भवन में हुई मारपीट को लेकर कहा कि इसमें कुछ भी नया नहीं है और खुद को लोकतान्त्रिक कहने वाली कांग्रेस का यही असली चेहरा है। गुटों में बंटी कांग्रेस में नेताओं और समर्थकों के बीच ऐसी घटना होना आम बात है। स्वघोषित चाहत हरीश रावत को भी कांग्रेस ने ठुकरा दिया और अब पार्टी में सिर फुट्टवल की स्थिति है।
उन्होंने कहा कि जनता के मुद्दों से भटक गई कांग्रेस को पहले जनता ने 2017 में सबक सिखाया,लेकिन वह नहीं चेती।

### गांवों में बैंकिंग सेवाएं देने में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के पांच बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सखी को प्रयागराज कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ये बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सखी,"उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन" के तहत शीर्ष 25 प्रदर्शन करने वाली बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सखी में शामिल हैं। वे अपने वंचित क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं देने में उत्कृष्ट योगदान दे रहीं है।

### दून यूनिवर्सिटी के पास मिलेगी चाय सुट्टा बार की हॉट कुल्हड़ चाय

**संवाददाता** देहरादून। देश भर में कुल्हड़ चाय के स्वाद के लिए जाने जाने वाले ब्रांड चाय सुट्टा बार ने दून यूनिवर्सिटी (ऊषा टावर ) में अपना आउटलेट शुरू किया है। इसके साथ ही जिसकी प्रतिष्ठा बैकपैकिंग स्पॉट के रूप में है। ट्रैकिंग और स्कीइंग के लिए मशहूर इस शहर में अब चाय सुट्टा बार के बिल्कुल नए आउटलेट में कुल्हड़ चाय का एक अतिरिक्त स्वाद मिलेगा। इस लॉन्च के साथ, ब्रांड के पास अब भारत के 100 शहरों में कुल 200 फ्रैंचाइजी आउटलेट होंगे।

# गढ़वाली भाषा में बढ़–चढ़कर मतदान में प्रतिभाग करने की अपील

**जागरूकता**

■ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता जागरूकता दिव्यांग रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




**संवाददाता**

देहरादून। विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए उत्तराखण्ड आये भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा, निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, अनूप चंद्र पाण्डेय व भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी, उत्तराखण्ड की मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या एवं जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार द्वारा मतदाता जागरूकता दिव्यांग रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह दिव्यांग रथ जनपद में विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर जनमानस को जागरूक करेगा।

जनपद अवस्थित होटल एलपी विला (रिजेंटा) के प्रागंण में राज्य के समस्त जनपदों द्वारा लगाये गये स्टॉल का भी अवलोकन किया। इस दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद देहरादून की चुनावी पत्रिका "भूली" निर्वाचन गाईड का विमोचन किया। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चन्द्रा ने जनपद देहरादून के स्टॉल "समग्र समावेशी एवं सुरक्षित मतदान का भी अवलोकन किया। जनपद देहरादून के स्टॉल के अवलोकन के दौरान जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने माननीय निर्वाचन आयुक्त को जनपद में चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की भी जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी देहरादून डॉ0 आर राजेश कुमार द्वारा जनपद वासियों से गढ़वाली भाषा में बढ़–चढ़कर मतदान में प्रतिभाग करने हेतु की गई अपील वीडियो संदेश का भी अवलोकन किया। देहरादून के स्टॉल में प्रथम बार वोटर, युवा, महिला, बुजुर्ग, किन्नर, दिव्यांग आदि सभी वर्गों के मतदाताओं को जागरूक किए जाने हेतु सभी वर्ग के लोगों को भी स्टॉल में उपस्थित कर सभी जनों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान होटल एलपी विला के प्रांगण में विभिन्न माध्यमों नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगारंग गुब्बारों से जनपदीय संस्कृति, बोली भाषा, कटपुतली स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से शत–प्रतिशत मतदान करायें जाने संबंधी जन जागरूकता अभियान के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया।

डीएम ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग को बताया कि जनपद के सभी घरों में वोटर गाईड एक पोकेट बुकलेट वितरित किया जाएगा। इसमें वोटर रजिस्ट्रेशन, ईवीएम, वीवीपेट की जानकारी सहित सभी जरूरी जानकारियां उपलब्ध करायी जा रही है।

### पेशावर कांड के नायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' का किया भावपूर्ण स्मरण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेशावर कांड के नायक वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' का उनकी जंयती पर भावपूर्ण स्मरण किया है। इस अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली उत्तराखण्ड की धरोहर है। उन्होंने देश की आजादी के आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की आजादी में 'पेशावर कांड' मील का पत्थर साबित हुआ, जिसने भविष्य की क्रांति की आधारशिला रखी। उन्होंने निहत्थी जनता पर गोली न चला कर दुनिया को अपनी बहादुरी व देशभक्ति का संदेश दिया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत की आजादी में वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली तथा उनके साथियों ने अद्वितीय योगदान दिया। पेशावर कांड के बाद महात्मा गांधी ने ''वीर चन्द्र सिंह को गढ़वाली'' नाम देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर चन्द्र सिंह 'गढ़वाली' के बताये मार्ग का अनुकरण करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# मतदान के लिए बढ़ाया गया एक घंटे समय

**बैठक**

■ 25 मार्च 2022 को पूरा हो रहा है उत्तराखंड सरकार का कार्यकाल

**संवाददाता**



देहरादून। आगामी उत्तराखंड विधानसभा चुनावों के लिए निर्वाचन आयोग ने एक घंटे का समय बढ़ाया है। जिसके बाद अब सुबह 8रू00 बजे शाम 6रू00 बजे तक मतदान होगा। वहीं इस बार चुनाव में पांच बूथ केवल दिव्यांगों के लिए बनाए जाएंगे। जिसमें सारा स्टाफ भी दिव्यांग ही रहेगा। चुनाव के दौरान पूरे राज्य में 66 हजार 700 वॉलंटियर्स दिव्यांग मतदाताओं की मदद करेंगे। इसके साथ ही राज्य में 100 महिला बूथ बनाए जाएंगे। जिसमें पूरा महिला स्टाफ रहेगा। यह जानकारी शुक्रवार को देहरादून में आयोजित निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा की प्रेस वार्ता में दी गई।

इस दौरान बताया गया कि इन विधानसभा चुनावों में 80 वर्ष से ऊपर के जो बुजुर्ग या महिलाएं पोलिंग बूथ पर वोट डालने नहीं आ सकते वह घर से ही वोट डाल सकेंगे। इसके लिए बीएलओ मतदाताओं के घर जाएंगे और पोस्टल बैलट के द्वारा वोट डलवाएंगे। इसकी पूरी वीडिया रिकॉर्डिंग की जाएगी। सुशील चंद्रा ने प्रेस वार्ता में कहा कि उत्तराखंड में 25 मार्च 2022 को सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है। प्रदेश के 70 विधानसभा क्षेत्रों में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव करवाए जाएंगे, इसके लिए चुनाव आयोग पूरी तरह से तैयार है। कोविड सेव पोलिंग बूथ का निर्माण किया जा रहा है। इस दौरान मास्क, सैनिटाइजेशन और सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मतदान होगा।

कहा कि उन्होंने राज्य में छह राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। राजनीतिक दलों ने निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की गई है। कोविड–19 को लेकर भी राजनीतिक दलों से चर्चा की गई है। वहीं चुनाव में एनफोर्समेंट को लेकर इनकम टैक्स, पुलिस और जिलाधिकारियों से बात हुई। मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ भी बैठक की गई।

### सीएम ने विभिन्न कार्यों के लिए प्रदान की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय उफरैखाल, पौड़ी गढ़वाल में महिला छात्रावास के भवन निर्माण कार्य हेतु 3 करोड़ 93 लाख, राजकीय महाविद्यालय, पाबौ पौड़ी गढ़वाल के महिला छात्रावास भवन निर्माण हेतु 3 करोड़ 85 लाख रूपये, व्यासी जल विद्युत परियोजना में पूंजीगत व्यय हेतु अंशपूंजी के रूप में 56 करोड़ रूपये, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखण्ड बीरोंखाल की वेदीखाल (जीओवी) पम्पिंग पेयजल योजना हेतु 22 करोड़ 85 लाख रूपये, जनपद देहरादून अन्तर्गत मानसून अवधि में बाढ़ प्रभावित 08 कार्यों/क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण हेतु 19 करोड़ 21 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।